हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 मई 2025

06 अतंरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूरों को विधिक...



07 समस्त डॉक्टर समय पर पहुंचे, उपस्थितों के नाम का रोस्टर पर किया ...





## समाचार संक्षेप

### कलेक्ट्रेट में हुआ राष्ट्र-गीत वंदे मातरम व राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन



**गुना ।** मई माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्र-गीत ₹वंदे-मातरम₹ एवं राष्ट्र-गान "जन-गण-मन" का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सहित जिलाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रात्रिकालीन ऑनलाइन गीता कक्षा में भी होगा आयोजन आज

**गुना।** विश्वगीताप्रतिष्ठानम के गीतास्वाध्याय मंडल गुना द्वारा सप्त उत्सवों के क्रम मेंश्रीमद् जगद् गुरू शंकराचार्य प्रकटोत्सव का आयोजन शुक्रवार को अन्नपूर्णा कालोनी स्थित शिव मंदिर पर सायं 5 बजे से होगा । उत्सव में आदिगुरू परम्परा पूजन और गीतास्वाध्याय के साथ ही आदि गुरु शंकराचार्य की परम्परा से जुड़े विद्वानों के व्याख्यान और सम्बन्धित प्रेरक प्रस्तुतियों तथा आचार्य शंकर की रचना सुनने का अवसर भी प्राप्त होगा। यह जानकारी देते हुए वीरेन्द्र भार्गव जिला सप्तोत्सव प्रमुख ने बताया कि ऑनलाइन गीता शिक्षण कक्षा के अंतर्गत रात्रि 8:30 बजे से ऑनलाइन आदि शंकराचार्य जयंती का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जिसकी लिक ऑनलाइन गीता शिक्षण कक्षा की( https://meet.google.com/njc-aqku-oce। ) ही रहेगी । ऑनलाइन आयोजन में शारदा पीठ द्वारिका गुजरात और श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी जी उनके प्रतिनिधि और डॉ विष्णु नारायण तिवारी जी सहित अनेक विद्वानों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।आयोजन में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी जन भाग लेंगे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बजरंगगढ में किया गया श्रमदान




गुना। गुरुवार को ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक गुना पन्नालाल शाक्य द्वारा सीता कुंड की सफाई हेतु समस्त जनमानस एवं अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बजरंगगढ़ में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 108 प्राचीन कुओं का चिन्हांकन किया रहा है। बजरंगगढ़ एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक नगर रहा है,जिसकी पहचान किले के अतिरिक्त 108 मंदिर एवं 108 कुएं एवं बावड़ी से होती रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ऐसे समस्त प्राचीन कुओं एवं बावड़ियों की सफाई के साथ उनके रिचार्ज संरचनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। इस अभियान में समस्त जिला प्रशासन की टीम के साथ जन प्रतिनिधियों का भी सहयोग किया जा रहा है,

### आज इन संबंधित क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना।** सहायक प्रबंधक (शहर) विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही एआईआर सब स्टेशन पर मेंटनेंस कार्य होने से दिनांक 2 मई को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे चिंताहरण, आकाशवाणी केन्द्र,ट्रांसपोर्ट नगर, हिलगना, गादेर, बमोरी बुजर्ग, हीरापुरा, सोठी, मऊगंढा, सोजना, गादेर, बमोरी बुर्जग, नयागांव एवं सोठी आदि विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटोती समय को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता है।

## यातायात पुलिस ने की यात्री बसों की जांच, 60 वाहनों पर लगाया जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नवागत पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा जिले में सरल व सुदृढ़ यातायात व्यवस्था बनाकर रखने एवं वाहन चालकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराये जाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही हेतु दिये जा रहे निर्देशों के गुना पुलिस द्वारा जिले में वाहन चैकिंग की निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मागर्दशन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह कुशवाह द्वारा अपने यातायात बल के साथ बीती रात गुना के अंबेडकर चौक पर बसों की चेकिंग की गई । इस दौरान हंस ट्रेवल्स, गिर्राज ट्रेवल्स, पीतांबरा ट्रैवल्स आदि बसों को चैक किया गया, जिसमें उनके फिटनेस, परमिट सहित अन्य जरूरी दस्तावेज जाँचे गए । साथ ही ड्राइवर्स का ड्रिंक एंड ड्राइव टेस्ट किया गया एवं बसों के अंदर मौजूद सवारियों की गणना भी की गई । एक बस ड्राइवर शराब के नशे में भी मिला जिस कारण उसके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के अंतर्गत न्यायिक चालान बनाया गया । कई बसों की केबिन में 5 तो किसी बस में 7 लोग अतिरिक्त संख्या में बैठे मिले । क्षमता से अधिक सबारियां बैठी होने पर विधिवत जुर्माने की कार्यवाही की गई । इस चेकिंग में कुल 60 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 25,700/-रुपये शमन शुल्क वसूला गया ।

### मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों के साथ भाजपा ने की बैठक, संगोष्ठी का आयोजन कल

गुना। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर वक्फ बिल के संशोधन पर गुना जिले में मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध जनों के बीच 3 मई को संगोष्ठी का आयोजन किया गया हे जिसमें मुख्य वक्ता भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र खटीक का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया कि 3 मई को आयोजित संगोष्ठी की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में गुरुवार को स्थानीय सर्किट हाउस गुना में



मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रम एवं वक्फ बिल के समरथमे संगोष्ठी की चर्चा जिलाध्यक्ष सिकरवार द्वारा दी गई। साथ ही संगोष्ठी को लेकर अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों को कार्य का विभाजन किया। इस अवसर पर गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, जिला महामंत्री संतोष धाकड़, जिला उपाध्यक्ष गिर्राज भार्गव, जिलामंत्री गोविंद गुर्जर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली एवं अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जाकिर बावड़ी सहित मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

### भदौरा के पास फोरलेन हाईवे पर हुआ हादसा

## डिवाइडर से टकराई शादी से लौट रहे युवकों की कार, 4 की मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बीती रात फोरलेन हाइवे पर भदौरा के पास घटित भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। वहीं तीन घायल हैं, जिनमें एक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे भोपाल रेफर किया गया है। इस हादसे के बाद शिवपुरी के गांव में 24 घंटे पहले शादी की खुशियां और शहनाई गूंज रही थी, आज वहां मातम पसरा हुआ है। गांव के चार नौजवान युवकों की एक साथ मौत से पूरा गांव शोक में डूबा है।

बुधवार को शिवपुरी के कोलारस क्षेत्र के ग्राम रिजोधा से धूमधाम से बारात निकली थी। बारात देर शाम गुना के पास मावन पहुंचीं, जहां बारात में खूब नाचना-गाना हुआ और शादी की रस्में संपन्न हुई। लेकिन इस बीच देर रात घटित सड़क हादसे के बाद ये सारी खुशियां गुम हो गईं। दरअसल कार में गांव के 7 युवक सबार थे। जो बारात में आए थे। वरमाला और स्टेज के बाद ये युवक रात को वापस रिजौधा लोट रहे थे कि फोरलेन हाइवे पर भदौरा के पास ये हादसा हो गया। पुलिस का अनुमान है कि तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में रिजोधा थाना कोलारस निवासी जिन चार युवकों की मौत हुई है।





गोविंद रघुवंशी | सोनू रघुवंशी | हिंतेश बैरागी

उनके नाम गोविंद पुत्र दिनेश रघुवंशी (28), सोनू पुत्र हरी भगवान रघुवंशी (35), वीरू पुत्र ब्रजेश कुशवाह (24) और हितेश पुत्र ब्रजमोहन बैरागी (24) हैं वहीं तीन घायल हैं जिनमें सूदीप पुत्र सुरेन्द्र रघुवंशी, सुमित पुत्र जसवंत रघुवंशी और रवि पुत्र वीरेंद्र रघुवंशी शामिल हैं। सूदीप की गंभीर हालत को देखते हुए उसे भोपाल रेफर किया गया है। सभी युवक कार क्रमांक एमपी-06-सीए 0419 में सवार थे। पुलिस के मुताबिक कार सुमित चला रहा था।

हादसा रात करीब ढाई बजे के आसपास घटित हुआ। सुबह जिला अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान मौके पर ग्रामीण तहसीलदार कमल सिंह मंडेलिया सहित म्याना थाना प्रभारी गोपाल चौबे आदि मौजूद थे। ज्यादा तर लोग शादी-विवाह के प्रसंगों में ही आने-जाने के दौरान हादसों का शिकार हो रहे हैं। तीन दिन पूर्व बारात से लोट रहा बावड़ीखेड़ा के युवक की मौत रात के समय सड़क हादसे में हो गई थी।

इसके बाद फतेहगढ़ टोल नाका के पास इंदौर के युवकों की कार पलटी जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। ये लोग भी उत्तरप्रदेश शादी में जा रहे थे। इसी दिन दो महिलाओं की मौत भी सड़क दुर्घटनाओं में शादी समारोह के लिए जाने के दौरान हुई। विगत दिवस आरोन और आवन क्षेत्र भी दो युवकों की जान सड़क हादसे में चली गई। म्याना थाना प्रभारी एसआई गोपाल चौबे ने बताया कि शिवपुरी जिले से गुना जिले में बारात आई थी। रात लगभग 2:30 बजे एक गाड़ी से कुछ लोग वापस अपने गांव जा रहे थे। भदौरा के पास उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन घायल हैं। दो घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।



## डेयरी से घरेलू सिलेंडर जब्त व दूध, दही, घी की जांच करने लिए सैंपल

**खाद्य सुरक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं डॉ०आर.आर माथुर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला गुना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जाँच एवं सैंपलिंग की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम ने स्टेशन रोड़ स्थित मुस्कान डेयरी पर छापामार कार्यवाही की। आपूर्ति अधिकारी ने डेयरी से घरेलू सिलेण्डर जब्त किया एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल ने उक्त डेयरी से दूध, दही एवं घी के सैम्पल जाँच हेतु संग्रहित किये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल ने अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण करते हुए ओमकार ट्रेडर्स एबी रोड़ गुना से मिर्ची, धनिया, हल्दी पाउडर, नमक, राजीव मार्ट सदर बाजार गुना से धनिया पाउडर, तुअर दाल, चाय, नमक, बादशाह प्रोव्हीजन बोहरा मस्जिद गुना से चावल, शक्कर एवं सिंघानिया मार्ट केन्ट गुना से शक्कर, बेसन एवं गुलाब जामुन मिक्स के सैम्पल जांच हेतु लिये गये। सभी सैंपल जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जावेगी। कलेक्टर श्री कन्याल के निर्देशानुसार मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं सैम्पलिंग कार्यवाही निरंतर जारी है।

### नपा उपयंत्री बीबी गुप्ता की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई भावुक हुई नपाध्यक्ष

गुना। शुक्रवार को नगर पालिका में पदस्थ उपयंत्री बृजभूषण गुप्ता अपनी अर्धवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत हो गए हैं। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित विदाई पार्टी में नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। अवसर पर उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष शसविता अरविंद गुप्ता ने श्री गुप्ता को बड़ा भाई बताते हुए उनके मार्गदर्शन उल्लेख करते हुए भावुक हो गई कि नगर पालिका में अब कोई वरिष्ठ अधिकारी मार्गदर्शन देने वाला उनके जैसा व्यक्तित्व नहीं है। कार्यक्रम के प्रारंभ में नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री, पूर्व सीएमओ एवं सहायक परियोजना अधिकारी तेज सिंह यादव ,उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनी आदि के द्वारा बीबी गुप्ता को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात सभी अधिकारी/ कर्मचारियों ने उन्हें फूल माला भेंट की एवं सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान सुश्री खत्री ने बताया कि विगत चार दिन कार्यकाल में गुप्ता की कार्यशैली से बहुत प्रभावित हुई हूं। पूर्व सीएमओ तेज सिंह यादव ने कहा कि हमने काफी समय साथ-साथ काम किया है, नगर निगम की जो परिकल्पना है,वह बी बी गुप्ता जी की ही देन है। सभी पत्राचार उन्ही के द्वारा संपन्न कराए गए, विभिन्न ग्राम पंचायत की स्वीकृति, तहसील के कार्य ,विभिन्न विभागों से एनओसी, नगर निगम का ताना-बाना श्री गुप्ता जी के बिना संभव नहीं हो पा रहा था। उनकी मेहनत है कि आज गुना को नगर निगम बनाने का कार्य भोपाल प्रचलन में है। सभी ने गुप्ता के स्वस्थ जीवन, सुखी जीवन की कामना की।



## पीएम आवास मेला 2 से 4 मई तक जमा करना होगी 10% पंजीयन राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका द्वारा निर्मित किये जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एल आईजी व एमआईजी भावनों के विक्रय हेतु मेले का आयोजन 2 से 4 मई तक प्रधानमंत्री आवास स्थल, जगनपुर चक्क पर किया जाएगा। उक्त मेले में पहले आएं पहले पायें की तर्ज पर अपने पसंद के 3 बीएचके एवं 2 बीएचके भवन क्रय करने हेतु पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन राशि 10% जमा करना होगी । प्रधानमंत्री आवास स्थल एक सेपरेट लोकेशन है, जहां सभी प्रकार की शासकीय औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात ही आवासों का निर्माण किया जा रहा है। चारों ओर खुला वातावरण जगह-जगह पार्क, हरियाली, अवासों के लिए सेपरेट ओवरहेड पानी का टैंक, अंडरग्राउंड स्मार्ट सीवेज सिस्टम , आतरिक सड़के,स्ट्रीट लाइट आदि सभी सुविधाओं से पूर्ण होकर सुरक्षित एवं नए लोकेलिटी में आवास विक्रय हेतु उपलब्ध है। इसके लिए 2 से 4 म ई तक आवास मेले का आयोजन किया जा रहा है।

### डेढ़ साल में पूरी होगी यात्रा, साइकिल से कर रहे हैं 44 शक्तिपीठ, 12 ज्योतिर्लिंग और चारधाम की यात्रा

## भोलेनाथ की भक्ति में लीन साइकिल यात्री अविनाश झा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शिव भक्त अविनाश कुमार झा श्रद्धा, संकल्प और सेवा भावना से भरे पूर्णिया (बिहार) निवासी अविनाश कुमार झा आज देशभर में भक्ति का एक अद्भुत उदाहरण बन चुके हैं। वे साइकिल से 44 शक्तिपीठ, 12 ज्योतिर्लिंग, और चारों धाम की कठिनतम यात्रा पर निकले हैं। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि आत्मबल और समर्पण की भी मिसाल है।हाल ही में वे मध्यप्रदेश के गुना पहुंचे, जहां जय स्तंभ चौराहा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में दर्शन किए। जहां स्थानीय भक्तों और लक्ष्मीगंज स्थित होटल संगीता स्टॉफ एवं समर्थकों ने उनका मलयार्पण कर उत्साहपूर्वक स्वागत किया।अविनाश की यह यात्रा अब मथुरा-वृंदावन से होते हुए केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, और नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर तक जाएगी। विशेष बात यह है कि वे पहलगाम में स्थित एक शक्तिपीठ के भी दर्शन करेंगे।इस अत्यंत कठिन यात्रा के बारे में उन्होंने बताया, अगर कोई व्यक्ति ज्यादा प्लानिंग करने लगे तो वह यात्रा कर ही नहीं पाएगा अविनाश का यह धार्मिक अभियान लगभग डेढ़ वर्ष चलेगा, जिसमें वे अकेले साइकिल से हजारों किलोमीटर की यात्रा तय करेंगे।उनकी यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व की है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक प्रेरणास्त्रोत भी है कि श्रद्धा, आत्मबल और भक्ति से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।





### 11 साल की लंबी पारी खेलने के वाद रजनीश शर्मा ने दिया स्वेच्छा से त्यागपत्र

गुना। सनानत सर्व ब्राह्मण समाज समिति के जिलाध्यक्ष रजनीश शर्मा ने परशुराम प्राकटयोत्सव के सफल आयोजन के बाद स्वेच्छा से अपने पद से त्यागपत्र देने का निर्णय लेते हुएनवीन जिलाध्यक्ष के रुप में आनंद भार्गव के नाम की घोषणा करते हुए त्यागपत्र दिया। साथ ही नवीन जिलाध्यक्ष के साथ कंधें से कंधा मिलाकर साथ चलने का पूर्ण आश्वासन दिया ।सेवाभावी मिलनसार, समाजसेवी के रुप में जाने पहचानेरजनीश शर्मा ने ग्यारह साल के अपने सफल कार्यकाल में समाज को एक धागें में पिरोकर परशुराम शोभायात्रा को नये नवाचारों के साथ ऊंचे मुकाम पर पहुंचने में मुख्य भूमिका निभाई है,रजनीश शर्मा पूर्व में विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष के तोर पर अपनी भूमिका अदा कर चुकें है ।कार्यक्रम में मौजूद विप्र बंधुओं ने शर्मा के कार्यकाल की मुक्त कंठ से सराहना की ।

### बेटी की शादी में गए परिवार के सूने मकान में चोरी, चोर ले उड़े सोने-चांदी के जेवरात

**गुना।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत शहर के विश्वकर्मा कॉलोनी स्थित एक मकान में उस समय चोरी की बड़ी वारदात हो गई जब परिवार की लडक़ी की शादी के चलते पूरा घर बालाजी गार्डन टेकरी रोड चला गया था। घर सूना देखकर अज्ञात चोरों ने ताला तोडक़र सोना-चांदी के जेवरात सहित कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी अमरसिंह लोधा पिता बुद्धराम लोधा निवासी कांजी हाउस के पीछे विश्वकर्मा कॉलोनी ने थाना उपस्थित होकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि गत शाम लगभग 6 बजे उनकी लडक़ी की शादी थी, जिस कारण वे अपने पूरे परिवार सहित घर में ताला लगाकर बालाजी गार्डन टेकरी रोड चले गए थे। इस दौरान घर में कोई भी मौजूद नहीं था। अगले दिन सुबह जब वे सुबह करीब 5:30 बजे घर लौटे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस ने शिकायत पर मामले में जांच शुरू कर दी है।

## गुना में कार्यरत संगठन विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने चलाया जागरूकता अभियान

# धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह रोकथाम की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए गुना में कार्यरत संगठन विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया ।

संगठन के निदेशक राम रघुवंशी ने कहा, धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया जिले में नहीं होगा । एक भी बाल विवाह बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन झाबुआ में सहयोगी संगठन विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की ओर से अक्षय तृतीया और शादी ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का ने हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं। आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया कैम्पेन चला रहा है।

जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसके सहयोगी संगठन विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर अकेले 2023-24 में ही जिले में बाल विवाह रुकवाए हैं। यह संगठन 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु की किताब 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज' में सुझाई गई समग्र रणनीति पर अमल कर रहा है। गुना में विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के निदेशक राम रघुवंशी ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हमने धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया क्योंकि यह वो सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है जो विवाह संपन्न कराता है। हमने उन्हें समझाया कि बाल विवाह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के साथ बलात्कार है। अठारह वर्ष से काम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत बलात्कार है। बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि खुद आगे बढ़कर बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ले रहे हैं। यदि पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर दे तो देश से रातोंरात इस अपराध का सफाया हो सकता है। इस अभियान में उनके आशातीत सहयोग व समर्थन से हम अभिभूत हैं।

### संक्षेप समाचार

## अभा कायस्थ महासभा व वरिष्ठ नागरिक परिसंघ ने स्वागतकर पिलाया ठंडा शरबत



**गुना।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं वरिष्ठ नागरिक परिसंघ गुना के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मीगंज गुना में शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर एवं ठंडा पर पदार्थ गुलाब शरबत पिलाने का कार्य किया । तपती धूप में समाज बंधुओ एवं सुरक्षा पर तैनात पुलिस परिवार अधिकारी कर्मचारी का भी स्वागत किया गया। कायस्थ समाज के अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव, वेदांश सक्सेना, नितिन सक्सैना, समीर सक्सेना महेश श्रीवास्तव ,द्वारा भगवान परशुराम जी को माल्यार्पण कर पुष्प अर्पण कर भगवान की आरती की गई । स्वागत करने वालों में बृजेश श्रीवास्तव जगदीश श्रीवास्तव केके सक्सेना महेश श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव अतुल श्रीवास्तव असीम भटनागर नितिन सक्सेना समीर सक्सेना अंकित सक्सेना रमन सक्सेना एवं वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के आजीवन सदस्यों उपस्थित थे । पांच परिवर्तन के पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक के गिलासों का उपयोग ना करते हुए कागज के गिलास से शरबत पिलाया एवं खाली गिलास सड़क पर ना फेक दे डस्टबिन में एकत्रित किया गया साथ में परशुराम जयंती के चल समारोह में चल रहे कार्यकर्ता श्री तुलसी दास दुबे आदि ने शोभायात्रा में चलते-चलते सफाई का ध्यान रखते हुए खाली गिलास शादी पानी पाउच को एकत्रित करते हुए शोभायात्रा में साथ चलते जा रहे थे।

## गुलाब जामुन पर मचा बवालः शादी समारोह में परोसने वाले युवक से मारपीट, FIR दर्ज

**गुना।**जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सुआखेड़ी में एक शादी समारोह के दौरान उस वक्त हंगामा मच गया, जब महज गुलाब जामुन को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि दो मेहमानों ने खाना परोस रहे युवक की जमकर पिटाई कर दी। मामला मंगलवार रात का है जब सुआखेड़ी निवासी रवि कुशवाह गांव में हो रही राजेश कुशवाह की शादी में भोजन परोसने का काम कर रहा था। रवि ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शादी में ग्राम कान्हाखेड़ी, थाना कुंभराज से पवन कुशवाह और गोलू कुशवाह नामक युवक भी शामिल हुए थे। इसी दौरान गोलू ने रवि से गुलाब जामुन मांगे। रवि ने बताया कि वह पहले ही तीन गुलाब जामुन दे चुका है, इन्हें खत्म कर लें। इसी बात पर दोनों भाई तैश में आ गए और रवि को मां-बहन की गालियां देने लगे। जब रवि ने विरोध किया, तो दोनों ने मिलकर उसे लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। झगड़ा यहीं नहीं थमा। गोलू ने अपने हाथ में पहना कड़ा निकालकर रवि के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। मौके पर मौजूद रवि का चाचा नवल सिंह कुशवाह बीच-बचाव करने आया, तो उसे भी पीट दिया गया। हालांकि चाचा को हल्की चोटें आईं, लेकिन आरोपियों ने जाते-जाते धमकी भी दी कि अगली बार मना किया, तो जान से खत्म कर देंगे। थाना राघौगढ़ पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तत्काल मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115, 351(3) व 3(5) वीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बहरहाल शादी के जश्न में गुलाब जामुन ने खून-खराबे का रूप ले लिया, जिससे गांव में भी चर्चा का माहौल है।

## ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन गुना डिपो का "मुंडी गरम" विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



Ailrsa, CWC के आदेशानुसार लोको रनिंग स्टाफ द्वारा भोपाल मंडल के सभी लॉबी में मुंडी गरम गेट मीटिंग शांतिपूर्ण किया गया , जिसमें भारतीय रेलवे में लोको पायलट का मुंडी गरम क्यों होता है ? ये मुंडी गरम प्रदर्शन सही अर्थों मेंलोको रनिंग कर्मचारियों को न्याय दिलाने, उनके मानसिक तनाव को दूर कर सामान्य यात्रियों की रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने की दिशा में उठाया गया संरक्षात्मक प्रथम कदम है। अतः AILRSA ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन यात्रियों से सुरक्षित रेल यात्रा के लिये मुंडी गरम प्रदर्शन में पूर्ण सहयोग करने की अपील करता है । जिसमें गुना डिपो,AILRSA के समस्त पदाधिकारी व समस्त लोको रनिंग स्टाफ मौजूद रहे।

### रनिंग स्टाफ की प्रमुख मांगें हैं...

1. इंजन के कैब में **AC**, सही फैन, यूरिन व्यवस्था, सिटिंग चेयर सही नहीं लगे होने से, सिटी के हार्न की आवाज अधिक होने और कैब में साउंड पोलुशन से मुंडी गरम होता है। सही समय पर रनिंग स्टाफ के खाली पदों को नहीं भरने से अधिक कार्य/ओवर आवर्स ड्यूटी करना पडता है। मुंडी गरम होता है( निर्धारित / पर्याप्त विश्राम (आवधिक विश्राम, मुख्यालय विश्राम तथा रनिंग रूम विश्राम) नहीं मिलने और अंडर रेस्ट बुकिंग होने से मुंडी गरम होता है।दिनांक 01.01.2024 से रनिंग भत्ता दरों में 25% की वृद्धि की जाए तथा **RAC** 1981 के अनुसार रनिंग भत्ता दरों में संशोधन नहीं किये जाने के कारण मुंडी गरम होता है।70% किलोमीटर भत्ते को आयकर से मुक्त नहीं किये जाने के कारण मुंडी गरम होता है। लोको रनिंग स्टाफ को इंटेंसिव कैटेगरी घोषित करते हुए माल गाडी के लिए अधिकतम 8 घंटे व यात्री गाडी के लिए अधिकतम 6 घंटे की ड्यूटी निर्धारित नहीं किये जाने के कारण मुंडी गरम होता है। **HPC** रिपोर्ट के अनुशंसा के अनुसार रात्रि ड्यूटी को लगातार 2 रात्रि ड्यूटी तक सीमित नहीं किये जाने के कारण मुंडी गरम होता है।8. 36 घंटे के भीतर रनिंग स्टॉफ को मुख्यालय वापस लाना सुनिश्चित नहीं किये जाने के कारण मुंडी गरम होता है। रेल संचालन से संबंधित सभी औजार या टूल्स बॉक्स और **FSD** लोको कैब में ही उपलब्ध नहीं किये जाने के कारण मुंडी गरम होता है।. रेल अधिनियम 1989 की धारा 133 (2) के तहत साप्ताहिक विश्राम (**PR**) 16+30 घंटे लागू नहीं किये जाने के कारण मुंडी गरम होता है।**ALP**,**LPS LPG**, **LPP** और **LPM** के लिए कमशः **L**-6, **L**-7,**L**-8.**L**-9 एवं **L**-10 वेतनमान निर्धारित नहीं किये जाने के कारण मुंडी गरम होता है।रनिंग स्टॉफ के भोजन ब्रेक को परिभाषित नहीं किये जाने के कारण मुंडी गरम होता है। लोको पायलट पर एक साथ कई कार्यों का बोझ डालने के कारण मुंडी गरम होता है।स्टेशन सेक्शन में **ALP** से गाडियों का हैण्ड ब्रेक बांध / खोलने का अवैध आदेश के कारण मुंडी गरम होता है। कैब में **CVVRS** लगातार चालक दल के ऊपर अतिरिक्त मानसिक प्रताड़ना के कारण मुंडी गरम होता है। सहायक लोको पायलट को एडिशनल एलाउंस नहीं दिये जाने के कारण मुंडी गरम होता है। मुंडी गरम होने से ही रेल्वे में दुर्घटनाएं होती है और देश के जन धन की हानि होती है ।

## मुस्लिम समुदाय ने लाइटें बंद रख जताया वक्फ संशोधन बिल का शांतिपूर्ण विरोध

### मुस्लिम इलाकों में छाया रहा अंधेरा, केंद्र सरकार से काला कानून वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़



केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन बिल को लेकर नाराजगी कायम है। बुधवार रात्रि मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड तहफ्फुज ए औकाफ के आह्वान पर घरों और दुकानों की रात 9 से 9.15 बजे तक लाइट बंद कर विरोध किया गया। इसका असर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में विशेष रूप से नजर आया। राघौगढ़ सहित क्षेत्र के एनएफएल पालिका बाजार, रुठियाई, चूनाभट्टी, सांडा कॉलोनी समेत अन्य मुस्लिम इलाकों में अंधेरा छाया रहा। समाज के लोगों ने रात को 9 बजते ही घर व दुकानों की लाइटें बंद कर दी। एनएफएल पालिका बाजार निवासी बिलाल मंसूरी ने बताया कि संशोधन बिल के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से बिजली बंद कर विरोध जताया हैं। इसका उद्देश्य समाज की धार्मिक और सामाजिक धरोहरों की सुरक्षा के लिए एकजुटता दिखाना था। उन्होंने कहा, ₹यह केवल बिजली बुझाने की बात नहीं है, बल्कि यह हमारी विरासत, हमारे अधिकारों और हमारी पहचान की रक्षा के लिए आवाज़ उठाने की शुरुआत है₹। इसे मुस्लिम समाज की धार्मिक और सामाजिक धरोहरों पर 'हमला' करार देते हुए विरोध की यह पहली कड़ी माना जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा की केंद्र सरकार काला कानून वापस लिया जाए। लाइट बंद कर के सरकार को ये मैसेज दिया है कि जो काला कानून आया है, उसके खिलाफ हम खड़े हुए हैं। सरकार जिस तरह से हमारे मौलिक अधिकारों को खत्म करने की कोशिश कर रही है, उसके खिलाफ हम एकजुट हो कर सरकार को ये मैसेज देते हैं कि ऐसे काले कानून को वापस लिया जाए।

### रोटरी भवन में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर 4 मई को

**गुना।** जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंतर्गत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में डॉ नीरज जैन के पूज्य पिताजी डॉ प्रेमचंद्र जी जैन की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन रोटरी भवन गुना में किया जा रहा हे। शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया कि 4 मई, रविवार को रोटरी भवन गायत्री मंदिर के पास गुना में सुबह 10 बजे से आरंभ होगा जिसमें दोपहर 2 तक आयोजित नेत्र शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा नेत्र, शुगर व बीपी की जांच की जाएगी। नेत्र जांच शिविर में चिन्हित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु लटेरी सदगुरु नेत्र चिकित्सालय भेजा जाएगा।

### समाज सेवियों ने बस स्टेंड पर लगाई प्याऊ लोगो को नहीं होना पड़ेगा पेयजल के लिए परेशान ।

नईसराय। तहसील मुख्यालय के बस स्टेंड पर यात्रियों सहित बाजार में खरीदी करने वाले एवं अन्य काम से आने वाले लोगों को गर्मी के मौसम में ठंडा जल पीने के लिए मिल सकेगा । इसके लिए समाज सेवी पंचम सिंह रघुवंशी सहित उनकी टीम के द्वारा आने जाने वाले यात्रियों सहित अन्य सभी लोगों के लिए प्याऊ लगाकर पेयजल जल की व्यवस्था की गई हैं। गर्मी के मौसम में बस स्टेंड पर नहीं लगाई गई प्याऊ को लेकर स्वदेश में 21 अप्रैल के अंक में खबर प्रकाशित की गई थी इसके लिए कुछ समाज सेवी आगे आए और बस स्टेंड पर प्याऊ लगाकर लोगों को पेयजल की व्यवस्था की गई और बस स्टेंड पर प्याऊ लगाई गई हैं समाजसेवी पंचम सिंह खजुरिया ने बताया कि सभी के सहयोग से बस स्टैंड पर प्याऊ लगाई गई हैं इसके लिए अब गर्मी के मौसम में लोगो को ठंडा जल मिल सकेगा अब लोगो को पीने पानी के लिए आने जाने वाले लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा और अब लोगो को होटल दुकानों से पानी

## अशोकनगर जिले में कई तहसीलदार

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले में कई तहसीलदारों के बीच कार्य विभाजन किया है। जिसके बाद अशोकनगर के तहसीलदार रोहित रघुवंशी को जिला निर्वाचन कार्यालय में भेजा गया है उनके स्थान पर नया तहसीलदार दीपक यादव मुंगावली को बनाया गया है। इसी प्रकार शाढ़ौरा के तहसीलदार लक्ष्मीप्रसाद अहिवार को मुंगावली का प्रभारी तहसीलदार बनाया गया है जबकि जिला निर्वाचन कार्यालय में पदस्थ अशोककुमार गौतम को प्रभारी तहसीलदार शाढ़ौरा बनाया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय में पदस्थ अशोक तौमर प्रभारी सहायक अधीक्षक को भू-अभिलेख कार्यालय अधीक्षक बनाया गया है।

### जिले में वाबुओं के बीच भी कार्य विभाजन की मांग।

जिले में कलेक्टर कार्यालय के साथ सभी विभागों में वर्षों से एक ही स्थान पर वावू काम करते आ रहे हैं कईं वावूओं को एक ही सीट पर 10-10 साल हो गये हैं उन्हे आज तक उस सीट से बदलकर दूसरी सीट पर नहीं भेजा गया है। शासकीय कार्य में पारदर्शता बनाए रखने के लिए अब अधिकारियो के साथ वावूओं के बीच में कार्य विभाजन किया जाना जरूरी हो गया है।

### नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित।

अशोकनगर। कलेक्टर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने नगरपालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति के बारे में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जिले की नगरीय निकायों में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एसडीआरएफ, राजस्व वसूली,कायाकल्प से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कार्यों को समय पर किए जाने के निर्देश संबंधित सीएमओ को दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कचरा के ढेर जगह-जगह न लगे। उन्होंने कचरा गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगा होना चाहिए और सुबह कचरा गाड़ी समय पर निकले। जिससे शहर को साफ स्वच्छ रख सके। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु नगरीय निकाय अपनी-अपनी रेकिंग से सुधार हेतु आवश्यक प्रयास किये जाएं। उन्होंने समस्त सीएमओ को निर्देशित किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी नगरीय निकायो अपने-अपने क्षेत्र में श्रमदान का कार्य करें। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चंदेरी में बावड़ियों की साफ सफाई करें। जिससे पर्यटक स्थलों को साफ स्वच्छ बनाया जा सके। उन्होंने नगरीय निकायों द्वारा किये जा रहे अंधोसंरचना के कार्यों को बेहतर और गुणवत्ता के पूर्ण कराये जाएं। उन्होंने फायर सेफ्टी ऑडिट, डिजास्टर मैनेजमेंट के अंतर्गत अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेज,भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में डिजास्टर मैनेजमेंट सिस्टम रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि नगरीय निकाय द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने सड़कों पर आवारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट किये जाने के निर्देश दिए।



### कल रेलवे स्टेशन प्रांगण में विद्युत विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहा.प्रबंधक ने बताया कि 03मई 2025 दिन शनिवार को रेलवे स्टेशन अशोकनगर प्रांगण में अति आश्वयक विद्युत संबंधित कार्य किया जाना है। जिस कारण अशोकनगर सव स्टेशन से निकलने वाले11 केव्ही फीडर मेन बाजार फीडर स्टेशन रोड, सुभाषगंज, बिलाला मिल रोड, गांधी पार्क,गुरूद्वारा क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय सुबह 8:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक बाधित रहेगा। विद्युत प्रदाय बंद या चालू करने का समय आवश्यकतानुसार घटाया-बढाया जा सकता है।

## अतंरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूरों को विधिक अधिकारों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल, सचिव मनीष अनुरागी एवं न्यायाधीश हर्षिता शर्मा गौड़ की उपस्थिति में 01 मई 2025 अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर इंदिरा पार्क अशोकनगर में नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 योजनातंर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं, एवं विधिक सहायता के विषय में जागरूक करना था। उपस्थिति मजदूर वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान और कानून ने श्रमिकों को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं, जिनकी जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। शिविर में उपस्थित सभी श्रमिकों से संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना तथा आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि मजदूर वर्ग हमारे समाज की रीढ़ की हड्डी हैं और उनका सशक्तिकरण न्यायपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

शिविर के दौरान श्रमिक कार्ड,श्रमिक बीमा योजना एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ,महिला श्रमिकों के अधिकार,कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रावधान,मुफ्त विधिक सहायता पाने की प्रक्रिया,बाल श्रम निषेध कानून,इसके अतिरिक्त, श्रमिकों को मुफ्त विधिक सलाह दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, लीगल एड डिफेंस काउंसल से डिप्टी रफीक खान, श्रम निरीक्षक प्रवेश गुप्ता, नगर पालिका के कर्मचारीगण, बड़ी संख्या में श्रमिकगण उपस्थित रहे।

## निर्धन कन्या के विवाह के लिए महिलाओं ने सहयोग सामग्री दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

अक्षय तृतीया दान दिवस को सार्थक' करते हुए परिषद द्वारा निर्धन कन्या के विवाह के लिए 3100 रू की नकद राशी एवं ज्वेलरी, जरूरत का सामान गैस, साड़यिा, पर्स, बैडशीटस, लंच बाक्स, बर्तन आदि सामान भेंट स्वरूप दिए गए। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भक्ताम्बर पाठ का आयोजन किया गया एवं सभी को इक्षु रस वितरित किया। इस कार्यक्रम में केन्द्रिय संरक्षिका वर्षा बड़कुल, प्रांतिय चेयर पर्सन रश्मि जैन ,अध्यक्ष प्रियंका जैन, सचिव प्रीति बाबा, रानी गांधी, श्वेता जैन, शिल्पी जैन, सोनम जैन, मनीशा सोगानी, शिल्पी राजपुर, आशिका जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## हाईरिस्क गर्भवती आदिवासी महिला को डिलीवरी के लिए अस्पताल के लगाने पड़े चक्कर, 2 बच्चों को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ईसागढ़



महज 15 किलोमीटर दूर ग्राम कदवाया निवासी भागवती राजाराम जो हाईरिस्क गर्भवती महिला के रुप में चिन्हित की गई थीं। जिसका उप स्वास्थ्य केंद्र कदवाया में प्रसव किया जिसमें जुड़वा बच्चे को जन्म दिया। जिसमें एक लड़का और एक लड़की हुए मां और बच्चे दोनों स्वस्थ हैं।

इससे पहले महिला की दो बेटियां और हैं। मामला ग्राम कदवाया आदिवासी कॉलोनी में रहने वाली आदिवासी महिला भागवती राजाराम मंगलवार सुबह पेट में तेज दर्द उठा तो परिजन एंबुलेंस से ईसागढ़ अस्पताल लेकर गए। जहां प्रसूता को भर्ती करने से पहले पेट में सूजन व जुड़वा बच्चे होने की कहकर जिला अशोकनगर के लिए रेफर कर दिया जिला अस्पताल में पुरानी जांच व सोनोग्राफी मांगी जो उनके पास नहीं थी नर्स ने भर्ती करने से पहले गर्भवती महिला भागवती के साथ में गई उसकी सास विमला आदिवासी से हस्ताक्षर मांगे और चिल्लाकर कहा कि तुम्हारी बहू को कुछ हो जाए तो हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। जिससे वह डर गई उसके साथ में कोई भी नहीं था और बहू को तेज दर्द हो रहा था वह बहू को बस में बैठाकर वापस गांव कदवाया आ गई जहां उप स्वास्थ्य केंद्र में पहुंची एएनएम सीमा माहौर और स्वीपर फूलाबाई बाल्मिक ने महिला का प्रसव कराया पहला बच्चा लड़का हुआ शाम 6 बजकर 45 मिनिट पर जिसका वजन 2 किलो 380 ग्राम का था 15 मिनिट बाद ही लड़की हुई जिसका वजन 2 किलो 395 ग्राम है दोनों बच्चा और जच्चा स्वस्थ है।

प्रसूता हाईरिस्क गर्भवती महिला थी यह गनीमत रही की अशोकनगर से लौटकर सीधा उप स्वास्थ्य केंद्र प्रसव केन्द्र में पहुंच गई जहां डिलीवरी हो गई और कहीं देर हो जाती तो शायद बस में ही प्रसव हो सकता था और मां और बच्चे की जान को खतरा बढ़ जाता जबकि शासन प्रशासन लगातार गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सजग है। उनके प्रसव को सुरक्षित करने के लिए प्रयासरत है फिर भी अनदेखी कहां हुई इसकी जांच की जाए छोटी सी लापरवाही गर्भवती महिला की जान ले सकती थी।

## लीनेश क्लब की सर्वमंगला इकाई ने नेत्र शिविर का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

उक्त शिविर वार्ड नंबर 2 यादव कॉलोनी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में लगाया गया था। इस सिविल में 300 मरीजों की आंखों की जांच की गई उन्हें सद्गुरु हॉस्पिटल लटेरी से आए डॉक्टर संजीव कुमार द्वारा जांच पड़ताल कर दवाई दी गई और उनका निशुल्क उपचार किया गया। इस दौरान लीनेश क्लब सर्वमंगला इकाई की अध्यक्ष दिव्य प्रभा ताईडे, सचिव अमिता खेर ,रानी जुनेजा, संपदा बेध ,इंद्रपाल कौर ,सुचिता जोशी परमीत सेठी स्नेहा अग्रवाल काजल गड़वे आदि महिलाओं की उपस्थिति रही। जो भी महिलाएं या पुरुष ऑपरेशन योग पाए गए उन्हें वहां से उपचार के लिए भेजा गया। नेत्र शिविर के आयोजन की क्षेत्र में आवश्यकता महसूस की जा रही थी इस शिविर के आयोजन से गरीब तबके के लोगों को मदद मिल सकेगी इस दौरान सभी मरीजों को निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी कमलेशबाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मीरा बाई केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मीराबाई केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कमलेश बाई ने उससे मारपीट की और जन से मारने की धमकी दी । जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गरोंली निवासी लालाराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामक्रेश, गोलू, चंदोबाई,बटटोबाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहोदरी निवासी जयराम बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्लू बंजारा ने उसकी एवं उसकी पत्नी की मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसारी निवासी रीना लोहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरूण लोहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम अर्रोन निवासी हरदा नायक ने रिर्पोट दर्ज कराई है कि हंसनगर में सरदार के घर के सामने अज्ञात सफेत रंग की कार के चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोंटे आई हैं। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत आकाश जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाईक के चालक ने मुंगावली-पिपरई रोड़ पर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोंटे आई हैं। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम बरोदिया निवासी दंगल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाईक के चालक ने नरसूखेड़ी की पुलिया के मोड़ पर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं। दूसरे पक्ष इन्द्रभान कलावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

### पेयजल निवारण के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया

**अशोकनगर ।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट के निवारण हेतु समय-सीमा में हेण्डपंप संधारण कार्य को दृष्टिगत रखते हुये जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस कंट्रोल रूम के लिए विशेष प्रभारी अधिकारी राजेश चंदेल मो.7869116556 होगें। कंट्रोल रूम के लिए पूरन सिंह रजक मो.9893911483 की प्रातः 7 से दोपहर 03 बजे तक, बृजभान सिंह यादव मो.7898862736 की दोपहर 03 से रात्रि 11 बजे तक एवं राजेन्द्र सिंह यादव मो.8349088783 की रात्रि 11 से प्रातः 7 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। यह कंट्रोल रूम कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 115/116 में स्थापित किया गया है।

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना में सहायता राशि स्वीकृत

**अशोकनगर।** कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 03 हितग्राहियों को 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत वैध वारिस हरीबाई पत्नि स्व. रतिराम आदिवासी ग्राम मदउखेडी तहसील मुंगावली,सितारा वेवा पत्नि स्व. सिद्धीक खां निवासी ग्राम अचलगढ़ तहसील मुंगावली तथा सुनीताबाई कटारिया पत्नि स्व. माधोसिंह निवासी ग्राम पेउढाना तहसील पिपरई को 04-04 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### ग्राम पंचायत/नगरीय वार्डों में सार्वजनिक प्याऊ चालू कराने के निर्देश

**अशोकनगर।** कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिला पंचायत अशोकनगर की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के प्रत्येक वार्डों में सार्वजनिक प्याऊं तत्काल चालू कराये जाने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण को दिए।

## अस्पताल पहुंचकर कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली

# समस्त डॉक्टर समय पर पहुंचे, उपस्थितों के नाम का रोस्टर पर किया जाए जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिस जिला अस्पताल के कंधों पर जिले भर के लाखों मरीजों के उपचार का दायित्व है उस अस्पताल के द्वारा मरीजों को सुविधाओं का लाभ मिला पा रहा है या नहीं, डॉक्टर समय पर आ रहे हैं या नही, इसे जांचने और परखने के लिए कलेक्टर स्वयं जिला अस्पताल के दौरे पर पहुंचे। कलेक्टर के रूप में आने के बाद यह उनका दूसरा दौरा था । इन दोनों निरीक्षणों के दौरान जिला अस्पताल में खाश परिर्वतन देखने को नहीं मिले हैं कई डॉक्टरों के चेंबर खाली मिले ।



अस्पताल के मामले में कलेक्टर के तीखे तेवर दिखा रहे हैं मरीजों को मिलने वाले इलाज के मामले में कोई समझौता नहीं देखना चाहते। यह अस्पताल जिले भर का सबसे बडा अस्पताल है यहां शहर के साथ पूरे ग्रामीण अंचलो से मरीज तो आते ही हैं साथ में जिले भर के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से मरीजों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा जाता है लेकिन जिला अस्पताल की विडंबना ये है कि यहां आने वाले मरीजों का उपचार गंभीरता से करने के स्थान पर अधिकांश मरीजों के मामले में यह देखने को मिल रहा है कि उन्हे तत्काल प्रभाव से बाहर रेफर कर दिया जाता है जिसके कारण मरीज की भोपाल या अन्य स्थानों पर पहुंचते-पहुंचते बीच रास्ते में ही मौत हो जाती है। सवाल सबसे बडा यह है कि जब जिला अस्पताल है तो मरीजों को बाहर रेफर करने की स्थिति गंभीर मामलों में ही होना चाहिए। लेकिन यहां अधिकांश मामलों में सत्प्रतिशत मरीजों को जरा सी ही घटना में चोट पाने के बाद बाहर भेज दिया जाता है। उसमें भी तर्क दिया जाता है कि जिला अस्पताल में सल्य क्रिया विशेषज्ञ एक ही है। यदि वह नहीं है तो कौन करेगा उपचार । नेत्र विशेषज्ञ पड़ोसी जिला गुना से 4 दिन के लिए अशोकनगर आता है ।ऐसे अधिकांश मामलों में लोगों को अस्पताल का लाभ नहीं मिल पा रहा है । कईं डॉक्टर अस्पताल में पूरे समय नहीं रहते कईं के निजी क्लीनिक संचालित हैं । सुबह जांच होती है रिपोर्ट शाम को दी जाती है जिसके कारण मरीजों को पूरे दिन अस्पताल में ही रूकना पड़ता है सबसे बड़ी पीड़ा ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों की है।

इन सभी अव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कलेक्टर दूसरी बार जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे । इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरूस्त रखे जाने के निर्देश सिविल सर्जन को दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर को चेक कर डॉक्टर एवं स्टॉफ की उपस्थिति को देखा। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गये स्टॉफ कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत करते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा किये गये प्रबंधों,स्वास्थ्य सुविधाएं एवं डॉक्टरों की उपस्थिति के बारे में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि समय पर मरीजों के लिये चाय,नास्ता,भोजन समय पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाएं। साथ ही उन्होंने अस्पताल में नियमित रूप से साफ-सफाई समय पर हो यह सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि अस्पताल का समय-समय पर निरीक्षण करते रहे, डॉक्टर समय पर उपस्थित हो यह सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि डॉक्टरों की नेम प्लेट सहित वार्डों में स्टॉफ डयूटी की सम्पूर्ण समय सारणी की जानकारी अंकित किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट रूप से सिविल सर्जन को हिदायत दी कि जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में सुधार हो तथा चिकित्सक समय पर अपनी स्वास्थ्य सेवाएं दें। जिससे मरीजों को अपने इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

इस दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि उनके द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया था उसके पीछे मुख्य उद्येश्य यह है कि आमजनों को स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर तरीके से मिलें निरीक्षण के दौरान उन्हें कईं कमियां मिली हैं कईं अनुपस्थित लोग भी मिले हैं इस संबंध में सिविल सर्जन को निर्देश दिए गये हैं उन्होंने अस्पताल मे पानी की समस्या को लेकर कहा कि नगरपालिका और पीएचई के माध्यम से पानी की समस्या को दूर करने के प्रयास किए जाएगें । अभी ग्रीष्म ऋतु का मौसम है और पानी का जल स्तर नीचे चला जाता है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी अनुपस्थित लोग मिले हैं उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुपोषण वार्ड, डायलेसिस यूनिट,के साथ विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया । मरीजो से चर्चा की । अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ डी.के. भार्गव ने बताया कि सभी डॉक्टरों को कहा गया है कि वह समय पर उपस्थित हों और समय से पहले वार्डों का निरीक्षण कर लें।

## तुलाई प्रक्रिया जांच के एसडीएम को निर्देश

# नादनखेड़ी खरीदी केंद्र का कलेक्टर ने निरीक्षण किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सेवा सहकारी समिति मर्यादित नादनखेड़ी श्रीराम वेयर हाउस टीला रोड़ मुंगावली का गुरूवार को कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ट्राली दर ट्राली खुले में पड़े गेंहू को देखकर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने फसल तुलाई की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जांच कर पंचनामा बनवाए जाने के निर्देश एसडीएम को दिए।

इस अवसर पर उपस्थित नायब तहसीलदार तथा पटवारी को उपार्जन कार्य की व्यवस्थाएं दुरूस्त किए जाने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान उन्होंने किसानों की संख्या एवं गेहूं खरीदी के बारे में जानकारी ली। इस संबंध में बताया कि इस समिति में 172 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गई है। अभी तक 20509 क्विंटल गेंहूं की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने एफ.ए.क्यू. गेंहू की गुणवत्ता जांच के संबंध में सर्वेयर से जानकारी ली। वेयर हाउस में कृषकों से पेयजल, छाया, बैठने, फसल तुलाई तथा भुगतान की विस्तार से जानकारी ली।

### समिति प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह को उपार्जन केन्द्र पर फसल उपार्जन का कार्य नियमानुसार संधारित एवं व्यवस्थित न होने तथा किसानों को कम्प्यूटरीकृत पर्ची न दिए जाने संबंधी शिकायतों के संबंध में कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

## पिता से हुई कहासुनी के बाद पुत्र बदला लेने के लिए नगरपालिका पहुंचा

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत निवासरत मुकेश दुवे लेखापाल नगरपालिका अशोकनगर और ललित नामदेव के बीच किसी बात को लेकर एक शादी समारोह में कहा सुनी हो गई थी । जब ललित नामदेव के पुत्र वेदांत को पता चला तो वह अपने पिता से हुए झगड़े को लेकर मुकेश दुवे से झगड़ा करने पर उतारू हो गया । बाद में वह नगरपालिका कार्यालय में पहुंच गया,वहां उसका मुकेश दुवे से विवाद हो गया। नगरपालिका में हो रहे विवाद की आवाज सुन मौके पर नगरपालिका के कर्मचारी भी पहुंच गये और झगड़ा कर रहे वेदान्त नामदेव को पकड़ लिया गया इस दौरान उसके पास चाकू भी मिला है । तुरंत नगरपालिका के कर्मचारी उसे लेकर सिटी कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। जानकारी मिलने पर एसडीओपी विवेक शर्मा भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से चर्चा की । इस दौरान नगरपालिका के कर्मचारी द्वारा एक पत्र भी पुलिस थाने के सौंपा गया है। टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि वेदांत के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित कईं धाराओं के मामले दर्ज किया गया है।

## एकल अभियान अंचल गुना संघ अशोकनगर को महिला समिति अध्यक्ष का दायित्व मिला

**अशोकनगर।** दूर दराज के ग्रामों में रह रहे जनजाति समाज के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा की अलख जगाने का कार्य कर रहे संगठन एकल अभियान अंचल अशोक नगर की महिला समिति द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए एकल संभाग प्रभारी आशा रघुवंशी की अनुशंसा पर समाजसेविका गंगा-दिलीप सिंह रघुवंशी को अध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया गया है। गंगा रघुवंशी को नवीन दायित्व मिलने पर समिति के सदस्यों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी और उनसे संगठन विस्तार ओर संगठन को मजबूती देने की अपेक्षा रखी गई। बता दे कि एकल अभियान द्वारा देश भर में 4 लाख से अधिक एकल विद्यालय संचालित किए जा रहे हे। इन विद्यालयों में एकल आचार्य के माध्यम से जनजाति समाज के बीच पंचमुखी शिक्षा ओर हरी कथा के माध्यम से समाज को जाग्रत कर उन्हे राष्ट्रपयोगी बनाया जाता है।



## सीएम राईज और पीएमश्री स्कूलों में समर कैंप शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अशोकनगर जिला शिक्षा विभाग द्वारा संचालनालय शिक्षा विभाग भोपाल के दिए गये आदेश के अनुसार 1 मई से समर कैंप की शुरूआत की गई है। जो 20 मई तक चलेगा इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों को प्रतिदिन प्रशिक्षिण प्रदान किया जायेगा। अशोकनगर के सीएम राईज स्कूल में इस सिविर की शुरूआत आज से की गई है ।

इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों को अकादमिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थीयों में रचनात्मक, सृजनशीलता, कला-कौशल के विकास के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। कक्षा 3 से 8 और कक्षा 9-10 के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है जिसमें विद्यार्थीयों में 21वी सदी के विभिन्न कौशलों जैसे आपसी सहयोग,समस्या समाधान,समाजस्य,तार्किक योग्यता, नेतृत्व जैसे जीवन कौशल विकसित करने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है । विद्यार्थीयों में अग्रेजी भाषा बोलने की क्षमता विकसित करना सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता डिजीटल और वित्तीय साक्षरता को बढावा देने के लिए किय जा रहा है । यह समर कैंप सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक किया जाएगा। समर कैंप की गतिविधियां भी शिविर के माध्यम से बताई जाएंगी ताकि बच्चों में आत्मनिर्भरता,आत्म जागरूकता,आत्म अभिव्यक्ति जैसे गुणों का समावेश हो सके। इस तरह के कईं आयोजन इस समर कैंप में चलेगें जिसकी विधिवत शुरूआत आज से हो गई है।

## प्राथमिक शालाओं के प्रधान अध्यापकों को दिया गया लीडरशिप आधारित प्रशिक्षण



**ईसागढ़।** 30 अप्रैल तक चलने वाले लीडरशिप आधारित प्रशिक्षण का समापन हुआ । इस प्रशिक्षण का एपीसी बलवीर सिंह बुंदेला जिला शिक्षा केंद्र द्वारा निरीक्षण किया गया तथा मास्टर्स ट्रेनरों को आवश्यक निर्देश दिए गए ।

प्रशिक्षण में सभी प्रकार की गद्दे,ठंडा जल ,कूलर आदि की व्यवस्थाएं अच्छी पाई गई। इस दौरान प्रशिक्षण प्रभारी राजेंद्र सिंह लोधी बीएसी सचेंद्र शर्मा ,अमित जैन ,अमित शर्मा उपस्थित रहे।

## लीनेश क्लब ने मिलकर चार्टर डे मनाया

**अशोकनगर।** लीनेश क्लब के सभी मेंबर ने एक साथ मिलकर चार्टर डे मनाया। क्लब की वाइस प्रसिडेंट एवं चार्टर प्रसिडेट सीमा अग्रवाल द्वारा बताया गया कि यह दिन हमे याद दिलाता है कि सेवा और सहयोग से ही दुनिया बदल सकती है। अध्यक्ष डॉ रजनी शुक्ला ने अपने भावों को व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा से बढ़कर और कोई खुशी नहीं होती। चार्टर दिवस पर हम सब मिलकर क्लब की सेवा भावना को और भी मजबूत करने का संकल्प लेते है ,साथ ही बताया कि यह क्लब सेवा और समर्पण का प्रतीक है। इस दिन सभी चार्टर सदस्यों ने मिलकर केक काटा और क्लब के कुछ सदस्यों ने नृत्य और एक नाटक की प्रस्तुति दी और नाटक प्रस्तुति में संदेश दिया कि आज की पीढ़ी माता पिता का सम्मान करे और उनके ही घर से उन्हें न निकाले। इस मौके पर अध्यक्ष के साथ सचिव प्रीति बंसल, कोषाध्यक्ष कुसुम गुप्ता,रश्मि, अलका, प्रिया, गंगा, अंजना, अरुणा, प्रियंका,संगीता राशि, सुनीता, विजया, जमुना, पूजा, लवली , संध्या, रश्मि जयपुरी,संजीत , टीना,दीपा आदि उपस्थित रहे।



### गोशालाओं मे छाया और पानी की व्यवस्था रखे जाने के निर्देश जारी

**अशोकनगर ।** कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देश दिए है कि क्षेत्रान्तर्गत संचालित गौशालाओं में ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए गौशालाओं मे गौवंश हेतु पर्याप्त छाया, पानी, चारे/भूसा की तत्काल व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। जिससे गौवंश को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, न ही कोई गौवंश सड़क पर आवारा नहीं घूमे, जिससे दुर्घटना की स्थिति नहीं बने।

## समापन पर किया गया प्रतिभाओं को सम्मानित

# संस्कार-शिक्षा का माध्यम बना समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सुभाष गंज में विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला द्वारा आयोजित आठ दिवसीय समर कैंप का सम्मान जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन की जीवन संगनी डॉ शालनी जैन के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन की जीवन संगनी जैन के विशेष अतिथ्य जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जहां वच्चो के व शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया ।



समारोह के प्रारंभ में जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि गर्मीयों में इतनी बड़ी संख्या में समर कैंप में वच्चो की उपस्थिति उनके उत्साह से लगता है कि दीदीयो ने बहुत मेहनत की होगी जव वच्चे स्कूल से फ्री हो गये समर कैंप उन्हें और भी उपयोगी रहा और इस कैंप का हम आज श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी की ओर पुरस्कृत करके सभी का मनोबल बढ़ाने आये है इस तरह के कैंप होते रहना चाहिए

### अतिथियों के सत्कार के साथ हुआ शुभारंभ

समापन समारोह के प्रारंभ मंगल गान पाठशाला की बहनों द्वारा किया गया इस दौरान विभिन्न कलाओं में पारंगत वच्चो द्वारा अपने हाथो से तैयार वस्तुओ का ग्रुप वाई ग्रुप मंच के समक्ष तालीयो की गड़गड़ाहट के बीच प्रस्तुत किया गया इस दौरान सभी वच्चो के साथ सिखाने वाले बहनों को मुख्य अतिथि डा शालनी जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद तीर्थ क्षेत्र कमेटी उपाध्यक्ष विपिन सिंघई पाठशाला कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रसन्न मोदी गोशाला कमेटी अध्यक्ष दिनेश मोदपुर हेमंत टडैया सतीश राजपुर दारा गंज पाठशाला की मुस्कान दीदी सौम्या जैन साक्षी जैन अंशिका जैन तनु जैन पूनम अखाई दृष्टि जैन सुधा दीदी कांत दीदी कुसुम दीदी का सम्मानित किया ।

### निःशुल्क सेवाएं देती हैं पाठशाला की बेटियां

जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि अशोक नगर के सभी मन्दिरो में बहुत अच्छी तरह से पाठशाला साचंलित हो रही है और इनमें संस्कारित शिक्षा देने वाले बेटियां कोई शुल्क नहीं लेती ये वर्ष भर अपनी निशुल्क सेवाये प्रदान करती विपिन सिंघई ने कहा कि बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति वच्चो द्वारा दी गई हेमंत टडैया ने कहा कि इन्ही वच्चो में से कोई डॉक्टर इंजीनियर संत समाज सेवा वनेगा तव ये शिक्षा काम आयेगी । उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वच्चो को किया सम्मानित ।

# राज्य वुशू स्पर्धा के लिए की गई अशोकनगर टीम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश वुशू संघ द्वारा आयोजित राज्यस्पर्धा का आयोजन 2,3 मई 2025 को जबलपुर स्थित खेल विभाग के इंडोर स्टेडियम में किया जायेगा। जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के वुशू खिलाडी हिस्सा लेंगे, अशोकनगर जिले की वुशू टीम की घोषणा स्थानीय रोटरी क्लब में जिला वुशू संघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी के द्वारा की गई।



इस दौरान खिलाड़ियों को खेल किट भी वितरित की गई चयनित खिलाड़यों में ताऊलू टीम में गोरांग अग्रवाल, शिवन्या चैरसिया, गोरांश चैरसिया, सार्थक चैहान, अंशिका त्रिवेदी, सोनम केवल, जिया धौलपुरिया, राधा ओझा, कुशाग्र अग्रवाल, हितांशी कोरी, श्यामभवी चैहान, लवली अहिरवार, अनुराग बरहा, उदयवीर केवट, नवीत जकेले, जोविका जकेले, प्रतिष्ठा सेन,रविंद्र परिहार का चयन किया गया है एवं वुशू की एवं शांशु टीम में राशि बालू, भावेश सेन, शिवार्थ धुरेंटे, दिशार्थ धुरेंटे,बर्खा शर्मा, मिष्टी नामदेव, सिमोन बालू, युक्ति यादव, समीर पाठक, अदिति सोनी, कौशलेश मालीवाल, बृजेन्द्र अहिरवार, धुरव लोधी, किया गया है कोच के रूप में एन.आई.एस वुशू-कोच राजदीप सिंह ढिल्लों, मुस्ताक खान, आरती विश्वकर्मा, को नियुक्त किया गया है।

चयनित सभी खिलाड़ियों को जिलाधीश आदित्य सिंह,जिला वुशू संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधू,उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, खेल विभाग के खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी,वुशू कोच राजकुमार खरे, पूजा नामदेव, पवन पाल, डॉ. डी के जैन सहित भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय निदेशक बरिष्ठ अधिकारी दिपेन्द्र सिंह रघुवंशी सहित खेल प्रेमिओं ने जीत की अग्रिम शुभकामनायें दीं हैं ।

### प्रशासन एवं अहिंसा वेलफेयर की टीम के संयुक्त प्रयासों से मिल रही सफलता

# अप्रैल में रुकवाए 122 बाल-विवाह, अब लग्न के शेष दिनों पर रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध अहिंसा वेलफेयर सोसायटी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से अप्रैल माह में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। महज 30 दिनों के भीतर 122 बाल विवाहों को होने से रोका गया, जो जिले में चल रही सतत जनजागरुकता और फील्ड पर कार्यरत टीमों की सक्रियता का परिणाम है।

महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत टीमों ने समय पर सूचनाएं प्राप्त कीं और तुरंत कार्रवाई की। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल माह में 43 व्यक्तिगत मामलों में हस्तक्षेप कर बाल विवाह रोके गए। वहीं सामूहिक विवाह सम्मेलनों में 33 जोड़ों यानी 66 नाबालिगों के विवाह निरस्त किए गए। इसके अतिरिक्त 13 अन्य व्यक्तिगत मामलों में अलग से कार्रवाई कर विवाह रोके गए। इस प्रकार कुल 122 बाल विवाह की रोकथाम की गई। इस सफलता के पीछे अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की पूर्व से चल रही जन-जागरुकता गतिविधियां, ग्राम स्तर तक पहुँच और सूचना तंत्र की सजगता की अहम भूमिका रही। सोसायटी कई वर्षों से बाल अधिकारों, बाल-विवाह, बाल सगाई और बच्चों की सुरक्षा पर कार्य कर रही है। इस अभियान में स्थानीय स्वयं सेवकों, महिला समूहों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और समाज के जागरुक नागरिकों की भी भागीदारी रही।



#### समझाइश और कठोरता दोनों आई काम

बाल-विवाह के मामलों में अंकुश लगाने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अहिंसा के कार्यकर्ताओं ने परिवारों को समझाइश दी और प्रशासन के सहयोग से वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की। इस दौरान 5 मामलों में एफआईआर भी दर्ज की गई, जिनमें बाल विवाह में शामिल लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त कई मामलों में जागरुकता और कार्रवाई के डर से बाल विवाह रोके गए। दर्जनों सामूहिक विवाह सम्मेलनों में बाल विवाह को बाहर रखा गया। अनुमान है कि सैकड़ों विवाह ऐसे थे जो संभावित थे लेकिन सक्रियता के चलते टल गए।

#### दिसंबर और जनवरी में रोके थे 79 बाल-विवाह

इससे पूर्व दिसंबर 2024 एवं जनवरी 2025 माह में कुल 79 बाल विवाह रोके गए थे। कल से आरंभ हुआ मई माह में भी विवाह के मुर्हुत हैं। ऐसे में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी एवं प्रशासन पहले से अलर्ट मोड में हैं ताकि एक भी बाल विवाह न हो। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी सुनीता यादव, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी से मनीष दांगी, रजनी प्रजापति, सादिक अहमद और निकिता मेवाड़े के साथ ही पुलिस और राजस्व विभाग की विशेष भागीदारी रही। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर जागरुक लोगों और सहयोगी कार्यकर्ताओं ने भी इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई।

### होमगार्ड कार्यालय के समीप हुई दुर्घटना

# पिकअप से बचने के फेर में ऑटो पलटा, मां और बेटी घायल हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

एनएच-52 पर शहर से 3 किमी दूर ब्यावरा रोड पर हुए सड़क हादसे में मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। एक अन्य हादसे में बाइक असंतुलित होने से एक अन्य युवक घायल हुआ है।



जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 11 बजे ब्यावरा से राजगढ़ आ रहा एक ऑटो होमगार्ड कार्यालय के नजदीक पिकअप को बचाने के चक्कर में पलटी मार गया। दुर्घटना में ऑटो में सवार सायरा पत्नी जफर उम्र 30 वर्ष निवासी काजीवाला बाग ब्यावरा एवं 6 वर्षीय बेटी इनाया पुत्री जफर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर एकत्रित लोगों की मदद से पलटे हुए ऑटो को सीधा किया गया और उसका चालक जफर खुद घायल मां-बेटी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा जहां दोनों का ईलाज जारी है।

#### बाइक असंतुलित होने से एक घायल

एक अन्य हादसा गुरुवार सुबह ही मनोहरपुरा गांव के जोड़ पर उस समय हुआ जब चमारी गांव निवासी दयाराम पिता गोरीलाल तंवर अपनी बाइक से राजगढ़ तरफ आ रहा था। इस दौरान बाईक असंतुलित होकर जमीन पर गिर गई जिसमें दयाराम बुरी तरह घायल हो गया। बाद में परिजनों द्वारा घायल दयाराम को अस्पताल में भर्ती करवाया गया।



# नगर पालिका में श्रमिकों का सम्मान कर मनाया विश्व श्रमिक दिवस

**सारंगपुर।** नगर पालिका सारंगपुर में विश्व श्रमिक दिवस पर गुरुवार को मजदूर श्रमिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा ने कहा कि देश के निर्माण में श्रमिक वर्ग सतत कार्य करता रहता है श्रमिकों के बल पर पूरे देश हमें नवनिर्माण के कार्य चलते रहते हैं नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तथा पार्षदों एवं कर्मचारियों द्वारा नगर पालिका में श्रमिकों का मूल माला पहनकर सम्मान किया साथही मिठाई खिलाई। इस दौरान पार्षद कुलदीप राठौर, आशिक मंसूरी नपा कर्मचारी गोरीलाल पुष्पद आत्माराम चौहान विनोद पालने सहित अन्य कर्मचारी व श्रमिक उपस्थित थे।

# खाली पड़े प्लाट में हो रहा कचरा कूड़ा जमा, गर्मी में बीमारियों का बढ़ रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर के मध्य मुख्य सड़क मार्ग जमाई कालोनी के समीप भण्ड़ावद रोड के सामने खाली पड़े प्लाट बाड़ा में गंदगी का साम्राज्य छाया हुआ है। उल्लेखनीय है कि जमाई कॉलोनी के समीप एक खाली प्लाट (बाड़ा) है जिसके पास ही एक जूस की दुकान भी लगी हुई है उसी के सामने एक प्राइवेट क्लीनिक भी संचालित होता है लेकिन प्लाट में कचरा कूड़ा गंदगी का साम्राज्य छाया हुआ है। जानकारी के मुताबिक उक्त प्लाट निजी है जिसमें मुख्य सड़क मार्ग से उड़कर कचरा प्लाट में जमा होता रहता है और इससे गंदगी छाई हुई है।

#### इनका कहना है

यह कचरा आसपास दुकानों से उड़कर आता है। संबंधित प्लाट मालिक को नोटिस दिया जा रहा है। समय अवधि में सफाई नहीं करवाने की स्थिति में नगर परिषद द्वारा सफाई करवा कर जुर्माना संबंधित से लिया जाएगा।

**हरीओम शर्मा,** सीएमओ नप जीरापुर

### नगर में निकला चल समारोह, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

# धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का प्रकट उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर में ब्राह्मण समाज ने अपने आराध्य देव भगवान परशुराम का जन्म उत्सव उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर जिले में जगह भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की व प्रसादी का वितरण किया। शहर में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान के जन्मोत्सव पर विशाल चल समारोह का आयोजन किया। जन्मोत्सव के अवसर पर ब्यावरा शहर में चल समारोह को लेकर समाज बंधु मां वैष्णो देवी मंदिर पर एकत्रित हुए. यहां से समाजजन पैदल परशुराम धाम के लिए रवाना हुए. चल समारोह पुलिस थाने के सामने, पीपल चैराहा पहुंचा. यहां से मैन बाजार होते हुए नीम चैराहे से नगर पालिका कार्यालय के सामने पहुंचा. इसके बाद समारोह इंदौर नाका होते हुए परशुराम धाम पहुंचा. चल समारोह में बड़ी संख्या में समाज के युवा महिला शामिल थे चल समारोह में शामिल युवा लगातार भगवान श्री परशुराम जी के जयकारे लगा रहे थे. चल समारोह का शहर में विभिन्न स्थानों पर कई समाज, संगठनों के द्वारा स्वागत किया गया।

#### भगवान परशुराम मंदिर में की पूजन अर्चना


चल समारोह परशुराम धाम मंदिर पहुंचने के बाद मंदिर पर भगवान श्री परशुराम जी की मंत्र उच्चार के साथ विद्वान पंडितों द्वारा भगवान की पूजन करवाई गई, उसके बाद समाज जनों ने सामूहिक रूप से भगवान की आरती की।

#### मंचीय कार्यक्रम में शिक्षा और संस्कार पर दिया जोर

महाआरती के बाद समाज द्वारा सभा का आयोजन किया गया, जिसमे समाज के जिम्मेदार, पदाधिकारी वा धर्मगुरु द्वारा बच्चों में संस्कार व उन्हें बेहतर शिक्षा देने पर जोर दिए। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों को संस्कार इस तरह के दिए जाएं कि वह सभी समाजों को साथ लेकर चलने के लिए प्रेरित हो, क्योंकि ब्राह्मण समाज सदैव सभी समाजों को साथ लेकर चलता है और यह संस्कार हमारे आने वाली पीढ़ी में भी होना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों को पढ़ा लिखा कर योग्य बनाना हमारा दायित्व है, क्योंकि बिना पढ़ाई के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता बच्चे कुरीतियों और बुराइयों से दूर रहे इस बात का ख्याल रखा जाए ब्राह्मणों के कार्य हैं उनका ज्ञान भी बच्चों को होना चाहिए। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बीके शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष गिरिराज शर्मा बालाजी, दीपक नायक, शिवनारायण शर्मा, गिरिराज पंचोली, शिवनारायण शर्मा,घन्यश्याम परासर, मुरारी लाल शर्मा, अशोक दुबे, अमित शर्मा, आदित्य भार्गव, अनूप शर्मा, अशोक शर्मा, ब्रजेश त्रिवेदी, अनूप शर्मा, मुकेश शर्मा, अजय शर्मा, राजेश शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष मौजूद थे।

### मित्रों व समाजजनों ने दी बधाई

# यूपीएससी की परीक्षा में अन्वेष ने 426 रैंक प्राप्त कर अपने गांव व परिवार का नाम किया रोशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

देश की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी सिविल सेवा परीक्षा में राजगढ़ जिले के खिलचीपुर के अन्वेष गुप्ता ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर 426 रैंक प्राप्त की है। मध्यम वर्गीय परिवार से जुड़े इस सफलता पर खिलचीपुर में प्रसन्नता का माहौल है। यूपीएससी द्वारा ली जाने वाली प्रतिष्ठापूर्ण परीक्षा में राजगढ़ जिले ने एक बार पुनः अपना स्थान बनाया है. इस वर्ष भी जिले के प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत, कठोर परिश्रम और पूर्ण समर्पित होकर अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहते हुए तैयारी करते हुए लाखों प्रतिभागियों में से खुद को प्रथम साबित करने में सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि पर न केवल उनके परिजनों बल्कि समाज बंधुओं, गांव, नगर और शहर के लोगो में प्रसन्नता का माहौल है। इस उपलब्धि पर उनके ईस्ट मित्रों समाज जनों और परिवार जनों के द्वारा घर पहुंच कर फूल माला पहनाकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी जा रही है।

#### अन्वेष गुप्ता ने खिलचीपुर में रहकर की यूपीएससी की तैयारी

खिलचीपुर निवासी महेंद्र कुमार गुप्ता करोडिया (रामगढ़ पेट्रोल पंप वाले) के छोटे पुत्र अन्वेष ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने गांव, नगर, परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। अन्वेष ने आईआईटी देहली से इलेक्ट्रिक इंजीनियर में स्नातक करने के बाद खिलचीपुर में रहकर ही यूपीएससी की तैयारी की. ऑनलाइन और अन्य संसाधनों से अपनी तैयारी की पढ़ाई के प्रति बेहद सजग सतर्क रहते हुए अन्वेष ने अपने समय का प्रबंधन बेहतर तरीके से किया। वे अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ ही बड़े भाई आयुष गुप्ता को भी देते है। संवाददाता से चर्चा करते हुए बताया कि उन्हें भरोसा पूरा था कि वे सफल होंगे. साथ ही उन्हें रैंक कम आने का जरूर अफसोस है. इसके लिए वे पुनः प्रयास करेंगे और बेहतर परिणाम की अपेक्षा के साथ अपना परिश्रम जारी रखेंगे। अन्वेष का यह चौथा प्रयास था। दूसरे प्रयास से उन्हें सफलता मिलना शुरू हुई जो चौथे प्रयास तक पहुंचते-पहुंचते परिणाम में बदल गई।

# ब्राह्मण समाज ने परशुराम जन्मोत्सव हर्ष उल्लास से मनाया, चल समारोह निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ब्राह्मण समाज सारंगपुर के तत्वावधान में परशुराम जयंती महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने नव-निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर, पंडितवाड़ी में प्रातः काल सभी देवी-देवताओं का विधिपूर्वक पूजन किया।

पूजन पंडित सतीश जोशी, पवन पारीक जे पी जोशी द्वारा कराया गया, जिसमें समाज के वयोवृद्ध प्रेम शंकर पांडे, डॉक्टर के के मिश्रा, जय हिंद जी दुबे सत्यनारायण शर्मा, रमेश चंद जोशी प्राचार्य शास्त्री समिति विद्या मंदिर, के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। तत्पश्चा वाहन रैली के रूप में परशुराम चौराहे पर जाकर सभी समाज जनों ने पूजन अर्चन की। इसके उपरांत सैकड़ों श्रद्धालु दृ पुरुष, महिलाएं एवं बालक-बालिकाएं दृ अपने आराध्य भगवान परशुराम का मंत्रोच्चार के साथ पूजन, अभिषेक एवं आराधना में सम्मिलित हुए। सायंकाल धर्मध्वज पूजन के पश्चात नगर में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रथ पर विराजित भगवान परशुराम की दिव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाज के बंधु-बांधव जयघोष करते हुए शोभायात्रा में नृत्य व उल्लास के साथ सम्मिलित हुए। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों एवं उज्जैन के कलाकारों की संगीतमयी प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्ति-रस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन कुशल शर्मा ने किया। उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए राजेंद्र पालीवाल, प्रकाश तिवारी, संजय व्यास, प्रदीप शर्मा बाबू कैलाश शर्मा पत्रकार, गोपाल वैध, प्रदीप शर्मा रजनीश मिश्रा अमित दुबे पत्रकार ,नितेश मिश्रा, सुशील शर्मा मोनू, पवन पारीक, जैकी शर्मा अंतरिक्ष पारिक, भूपेंद्र जोशी, कुशल शर्मा मोहन जोशी रजत शर्मा, आनंद उपाध्याय, दीपराज वैध, प्रेम शर्मा आकाश शर्मा, प्रतीक पांडे, वरन अंचलभर से समाजजनों ने भाग लेकर इस ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। आयोजन के अंत में तीनों अध्यक्षों ने सामूहिक रूप से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग एवं स्वागत करने वाले सभी महानुभावों का आभार माना।



### जिला जेल में 30 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# जेल में निरुद्ध बंदियों को सिखाया सिलाई कार्य ताकि बनें स्वावलंबी



**राजगढ़।** प्रशासन का प्रयास है कि विभिन्न जेलों में अपने द्वारा किए अपराधों की सजा काट रहे बंदी जेल से बाहर निकलकर स्वावलंबी बनते हुए ईमानदारी पूर्ण जीवन जिएं। इसलिए जेल में निरुद्ध बंदियों को जेल में ही रोजगारमूलक कार्य सिखाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बैंक ऑफ इंडिया, आरसेटी एवं राज्य आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला जेल में 30 दिवसीय पुरुष सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत 25 बंदियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में उन्हें पैंट, शर्ट, बरमुडा, कुर्ता, पायजामा इत्यादि की का कार्य सिखाया गया। छत्तीसगढ़ के दुर्ग से आए टैनर मुकेश सिन्हा द्वारा इन बंदियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला विशेष न्यायाधीश निवेदिता मुद्गल, नीलिमा देवदत्त, जेल अधीक्षक राकेश मोहन उपाध्याय द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करवाए गए। संस्थान के अग्रणी जिला प्रबंधक नंदकिशोर पाटीदार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शित किया। इस अवसर पर देवराज सिंह, बालमुकुंद जाटव, जेल अध्यापक लखन चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।


### पूर्व हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष फूलसिंह कुशवाह की याद में रखा आयोजन

# नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 120 मरीजों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सेवा सदन के चिकित्सक डॉ. सरिता कुमार और मनोज धवाडिया ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। शिविर में 120 मरीजों की जांच की गई। इनमें से 40 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। मोतियाबिंद के 18 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा गया। इनमें 9 महिलाएं और 9 पुरुष शामिल हैं। 50 लोगों को चश्मे के लिए सेवा सदन के ब्यावरा स्थित आंख जांच केंद्र बुलाया गया। 10 लोगों को भोपाल अस्पताल रेफर किया गया। 10 लोगों में अन्य समस्याएं पाई गईं, जबकि 10 लोग पूरी तरह स्वस्थ पाए गए।

शिविर में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद ब्यावरा की अध्यक्ष लीलादेवी फूलसिंह कुशवाह, डॉ ओमप्रकाश सोनी, चंद्रकांत त्रिपाठी, दिलवर यादव, डॉ अशोक अग्रवाल, सुरेश आवत रामानी, राजकुमार मूलचंदानी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश सेन ने किया। अतिथियों का स्वागत और आभार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में खुशियों का ओटला, लायंस क्लब एवं उमा पैथोलॉजी लेब का भी सहयोग मिला।





#### स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए इस प्रकार के आयोजन सराहनीय है। आज भी महंगी दवाइयों और इलाज का खर्च आम नागरिक नहीं उठा पाता है। इसके लिए समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए। ताकि आम लोगों तक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सके। उन्होंने इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख भी किया और कहा की इस योजना का लाभ हर तबके को मिलना चाहिए। राज्य मंत्री पवार में पूर्व हिंदू सब समिति के अध्यक्ष स्व .फूल सिंह कुशवाहा के जीवन और उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों का उल्लेख भी अपने भाषण के दौरान किया।

#### नर सेवा नारायण सेवा होती है

कार्यक्रम को आरोग्य भारती के प्रांतीय सचिव डॉ . ओम प्रकाश सोनी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सर्वोत्तम सेवा होती है और इसके लिए हम सबको प्रयासरत रहना चाहिए हमारे आसपास ऐसे बहुत से लोग होते हैं। जिनको स्वास्थ्य संबंधी समस्या होती है और वह किसी कारण से अपना समुचित उपचार नहीं कर पाते हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम नर सेवा को नारायण सेवा मानकर उनका स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें।

#### पानी के प्याऊ का हुआ उद्घाटन

स्व. फूलसिंह कुशवाहा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुण्य स्मरण में नगर पालिका परिषद ब्यावरा के द्वारा पशु चिकित्सालय के समीप एक पानी की टंकी प्याऊ का निर्माण कराया गया। गुरुवार को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर नगर पालिका परिषद ब्यावरा के द्वारा इसका लोकार्पण कराया गया। पानी की टंकी का लोकार्पण राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार नगर पालिका परिषद ब्यावरा की अध्यक्ष श्रीमती लीला देवी कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए।